तापमान

अधिकतम 19.0 डिग्री

न्यूनतम 6.5 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार 24 जनवरी 2026



12 तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से जनजीवन ...





12 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर हुई रिहर्सल में ...




## खबर संक्षेप

### दो भाइयों को पीटकर किया घायल, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर के कैंप मेन बाजार में कहासुनी होने पर दो युवकों ने दो भाइयों को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मेन बाजार कैंप निवासी चेतन ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 22 जनवरी को शाम चार बजे भाई मोहित के साथ कैंप बाजार में मौजूद था। इस दौरान विशाल पासी में नीरज पासी के साथ कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उन दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे वह घायल हो गए।

### निर्माणधीन फैक्ट्री से हजारों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** गांव भोजपुर में बन रही निर्माणधीन फैक्ट्री से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर के जैन नगर निवासी महेंद्र गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव भोजपुर में फैक्ट्री बना रहा है। 14 जनवरी को शाम के समय वह फैक्ट्री से काम खत्म करवा कर घर आ गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री में पहुंचा तो फैक्ट्री से पांच क्विंटल सरिया तथा 20 लोहे की प्लेट गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### स्नैचिंग का आरोपी काबू तीन हजार रुपये बरामद

**करनाल।** विगत सायं जिला पुलिस करनाल की सीआईए-एक टीम ने स्नैचिंग की वारदात में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्रवाई सीआईए-एक इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सहायक उप निरीक्षक कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में की गई। पुलिस टीम ने स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी प्रदीप निवासी नीलोखेड़ी, करनाल को काबू किया है।

## जाट धर्मशाला के पदाधिकारियों ने सीएम से सर छोटूराम को भारत रत्न देने की मांग की

# डबल इंजन की सरकार ने किसानों का सम्मान व सशक्तिकरण किया

**किसान की गरिमा और मेहनतकश की इज्जत ही सर छोटूराम के जीवन के मूल मंत्र थे**

*बसंत पंचमी पर सर छोटूराम एवं सुभाष चंद्र बोस के जयंती समारोह में बोले मुख्यमंत्री*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि दीनबंधु चौधरी छोटूराम के संघर्ष के चलते धरती पुत्र किसान का भाग्य बदला और मजदूर की तकदीर भी बदली तथा कृषि भूमि की रक्षा, किसान की गरिमा और मेहनतकश की इज्जत ही दीनबंधु चौधरी छोटूराम के जीवन के मूल मंत्र थे। इन्हीं मूल मंत्र को आधार मानकर डबल इंजन सरकार किसानों का सम्मान और सशक्तिकरण कर रही है। मुख्यमंत्री सैनी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आयोजित दीनबंधु चौधरी छोटूराम एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला को 31 लाख रुपये तथा सांसद सुभाष बराला ने 21 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी और दीनबंधु सर छोटूराम की जयंती पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीनबंधु सर छोटूराम का जीवन भी साहस के साथ संवेदना और संघर्ष के साथ सेवा के समन्वय का अद्भुत उदाहरण है।





कुरुक्षेत्र। सीएम को स्मृति चिहन भेंट करते जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद एवं समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### अन्यायपूर्ण व्यवस्थाओं के विरुद्ध खड़े हुए थे

इस महान व्यक्तित्व ने धरती पुत्र किसान के साथ-साथ मजदूर का भाग्य और तकदीर भी बदली। दीनबन्धु सर छोटूराम अपने आप में एक विचार थे, एक आंदोलन थे और एक संकल्प थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हरियाणा के सामाजिक एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, सांसद सुभाष बराला, चेयरमैन धर्मवीर डागर, चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के अध्यक्ष डा.कृष्ण श्योकंद ने दीनबंधु सर छोटूराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर भी पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### जब तक किसान सशक्त नहीं होगा देश आगे नहीं बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक किसान सशक्त नहीं होगा तब तक भारत सशक्त नहीं होगा। इसी सोच के साथ दीनबंधु चौधरी छोटूराम संघर्ष करते रहे। उनके संघर्ष के कारण नीतियों और कानूनों को स्वरूप दिया, ऋण ग्रस्त किसानों को साहूकारों के शोषण से मुक्ति दिलवाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। इस संघर्ष से यह प्रेरणा मिलती है कि कर्तव्य के पथ पर चलना ही सच्चा धर्म है और व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के हित को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनका संघर्ष किसी वर्ग के विरुद्ध नहीं बल्कि अन्याय के विरुद्ध था, यही कारण है उनका नाम आज भी सम्मान और कृतज्ञता के साथ लिया जाता है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, भाजपा युवा नेता साहिल सुधा को अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डा. कृष्ण श्योकंद, बनी सिंह दुल, हरिकेश सहारन, होशियार सिंह, नरेन्द्र नैन, डा. रणपाल, संजय देशवाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निशा चौधरी, सुखबीर श्योकंद, जयभगवान शर्मा डीडी, प्रदीप मोर, संजय देशवाल, साधू राम कोलखां, जगदीश, रघबीर नैन, सूरजभान, सुभाष, ऋषिपाल, पूर्व प्रधान सुरेन्द्र सहित समाज के गणमान्य लोग और प्रबंधक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# चीज का लालच देकर बच्ची से दरिंदगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। इसराना



आरोपी प्रदीप

**इसराना थाने के गांव में पड़ोस में रहने वाले युवक ने घटना को दिया अंजाम**

इसराना थाना के एक गांव में पड़ोस में रह रहे एक युवक ने एक छह वर्षीय बच्ची जो घर के बाहर खेल रही थी को खाने की चीज का लालच देकर अपने कमरे में बुलाया और दरिंदगी की। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुन बच्ची की मां व मकान मालकिन ने युवक के कमरे का दरवाजा खुलवाया तो दंग रह गए। बच्ची की पेंट खुली हुई थी। बच्ची की मां ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। वह अपने पति व बच्ची के साथ कमरा किराये पर ले कर रह रही है व फैक्ट्री में काम करते हैं। गुरुवार दोपहर बाद करीब चार बजे वह कमरे में आराम कर रही थी व उसकी छह वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी उसके बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुनी। आवाज सामने वाले कमरे से आ रही थी। पूछने पर बच्ची ने बताया कि सामने वाले कमरे में रह रहे प्रदीप कुमार ने गलत काम किया। पुलिस ने आरोपी युवक को काबू किया। पुलिस ने बच्ची की मां की शिकायत पर प्रदीप कुमार के खिलाफ पोस्को एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया।

### गुरु रविदास की जयंती पर 31 को उमरी में होगा विशाल राज्य स्तरीय समारोह : कृष्ण लाल पंवार

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में आयोजित होने वाली संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती भव्य और विशाल होगी। हरियाणा सरकार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत शिरोमणि गुरु रविदास की 649वीं जयंती को पूरे श्रद्धा और सम्मान के 31 जनवरी को गांव उमरी में मनाएगी। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार शुक्रवार को कुरुक्षेत्र के पिपली पैराकीट में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इस बैठक में सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग, अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य,एसडीएम शाश्वत सांगवान भी मौजूद रहे। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने अधिकारियों के साथ 31 जनवरी को होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर ले , समारोह में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।



कुरुक्षेत्र। राज्य स्तरीय समारोह को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा करते पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार।

## राइस मिलों में चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। घरौंडा

पुलिस ने जीरी के कट्टों की चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रामफूल उर्फ भूल्ला पुत्र जयभगवान, सुधांशु पुत्र कर्म सिंह,अक्षय कुमार पुत्र पाली,तीनों निवासी गांव अमृतपुर कला थाना मधुबन करनाल के रूप में हुई है। इस संबंध में अनुसंधान अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता संजीव कुमार पुत्र मूलचंद ने शिकायत दी थी 30 व 31 दिसंबर की रात को उनके राइस मिल से जीरी के कुछ कट्टे चोरी हो गए थे। मामले की गहन जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा एकत्र किए गए विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर चोरी की वारदात में शामिल तीनों आरोपियों को काबू किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की घटना को कबूल कर लिया है।

## बैंक में सेंध लगाकर चोरी करने के दो आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

पुलिस की स्पेशल सेल टीम ने जठलाना स्थित केंद्रीय सहकारी बैंक में सेंध लगाकर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बैंक में चोरी करने की वारदात को कबूल करने के साथ ही खजूरी क्षेत्र से नौ मोटर चोरी करने की वारदातों का भी खुलासा किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। पुलिस टीम ने घूम रहे दोनों आरोपियों गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान जठलाना माजरी निवासी आकाश उर्फ कमल व फुरकान के नाम से हुई। आरोपियों ने 19 जनवरी को जठलाना में ही केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा में चोरी की वारदात की थी।

## कोल्ड ड्रिंक कारोबारी से लूटपाट की गुत्थी 9 महीने बाद सुलझी, तीन आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

कोल्ड ड्रिंक डिस्ट्रीब्यूटर निर्मल विहार के 49 वर्षीय संजीव त्रेहन से हुई लूटपाट की गुत्थी सीआईए-2 की टीम ने आखिरकार सुलझा ली है। 9 माह के बाद टीम ने इस मामले में तीन आरोपी को काबू किया व एक किशोर को सरंक्षण में लिया है। पूछताछ में आरोपी राहुल ने कबूला है कि उसने अपनी बाइक 60 हजार रुपये में गिरवी रखी हुई थी, उसे छुड़वाने के लिए पैसों की जरूरत थी। इसलिए दोस्तों संग मिलकर जल्द पैसे कमाने के लिए यह रास्ता अपनाया था। इन आरोपियों ने 13 मई को प्रीत नगर में पहले तो गोदाम से निकले एक्टिवा सवार संजीव त्रेहन व उनके बेटे की रेकी की थी। जैसे ही वह अंधेरे वाली गली में आए तो आंखों में मिर्च डाल दी। तीन लाख की नकदी से भरा थैला लेकर भाग गए थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंबाला कैंट के बीडी फ्लोर मिल के पीछे सिमरन विहार के अभिषेक, शालीमार बाग के राहुल, कुंज विहार के दीपक के रूप में हुई है।

## घर से नकदी व जेवरात चोरी के दो आरोपी धर दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत



एंटी व्हीकल थेप्ट पुलिस टीम ने देशराज कॉलोनी में घर से नकदी व जेवरात चोरी के दो आरोपियों को वीरवार शाम को गिरफ्तार किया। सूचना के आधार पर संदिग्ध किस्म के दो युवकों को सेक्टर 25 ट्रक युनियन के पास से काबू किया। पूछताछ में युवकों ने अपनी पहचान गौरव पुत्र वासुदेव निवासी अशोक विहार व लक्की पुत्र राममेहर निवासी डाबर कॉलोनी के रूप में बताई। गहनता से पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने 20 नवंबर की रात देशराज कॉलोनी में एक मकान से 3500 रूपए कैश, चांदी की पाजेब, चुटकी, चेन, सोने की अंगुठी व बाली चोरी करना स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना तहसील कैंप में देशराज कॉलोनी निवासी रणबीर की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया चोरी किए जैवरात अज्ञात एक युवक को 50 हजार में बेचकर उनमें से 20 हजार खर्च कर दिए।

## स्टोन कारोबारी का अपहरण मारपीट के बाद समाना में छोड़ा

**पार्टनर पर साजिश रचकर जानलेवा हमला करने का आरोप**

*डीजीपी को शिकायत के बाद केस दर्ज, प्रेशर बढ़ने के बाद किया रिहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

उत्तराखंड के स्टोन क्रशर कारोबारी का अंबाला शहर के कालका चौक से अपहरण करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। परिवादी ने आरोपियों पर जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाया है। कारोबारी रुद्रपुर के गौरव ने अपने स्टोन क्रशर में ही पार्टनर व उसके बदमाशों पर साजिशन हमले के आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि 19 जनवरी को पार्टनरशिप सेटलमेंट के लिए बुलाया था। इसके बाद आरोपी उसे पिस्तौल की नोक पर कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करवाने के बाद कार में डालकर पंजाब के समाना ले गए थे। पीड़ित के परिजनों का दबाव बढ़ता देखकर राजपुरा के पास ही घायल अवस्था में छोड़कर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि भाई साहिल ने उसके किडनैप होने की सूचना डीजीपी को ईमेल के जरिए दी थी। अंबाला शहर थाना पुलिस ने गौरव की शिकायत पर पटियाला के राकेश कुमार, विनीत अरोड़ा, लविश अरोड़ा, अनीष गोयल, भाविक, जोनी व अन्य पर केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित गौरव ने आरोप लगाया कि मारपीट करने के बाद आरोपी उसे जबरन अपनी गाड़ी में डालकर पंजाब के समाना की ओर ले गए। इसी बीच उसका साथी संदीप जान बचाकर भागने में सफल रहा। रास्ते में आरोपियों ने उसकी नई थार गाड़ी की चाबियां, मोबाइल फोन व पासपोर्ट भी छीन लिया। आरोपी गाड़ी में रखे 1.60 लाख रुपये नकद, पर्स के 8 हजार रुपये व असली पासपोर्ट साथ ले गए। गौरव ने बताया कि अपहरण करने की बात भाई साहिल ने डीजीपी को ईमेल के जरिए बताई।






## परेशानीः नहीं चल पाई ट्रेनें, यात्रियों की समस्याएं बरकरार

# तंदवाल के रेल रोको आंदोलन में दर्ज हुए मुकदमे तीन साल बाद रद्द, आरोपियों को मिली बड़ी राहत

**13 मार्च 2022 को तंदवाल और आसपास के गांवों के लोगों ने रेलवे ट्रैक जाम कर दिया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा



गांव तंदवाल के रेलवे स्टेशन (हाल्ट) पर कोरोना काल में बंद हुई लोकल पैसेंजर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर करीब दो साल पहले दर्ज हुए रेल रोको आंदोलन के मामले अब समाप्त हो गए हैं। न्यायालय ने ट्रेन रोकने के आरोप में दर्ज सभी मामलों को रद्द कर दिया। इससे आंदोलन में शामिल ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। बता दें कि 13 मार्च 2022 को तंदवाल और आसपास के गांवों के लोगों ने रेलवे ट्रैक जाम कर कोरोना काल में बंद ट्रेनों को पुनः चलाए जाने की मांग कर प्रदर्शन किया था। कोरोना के बाद से केवल एक-दो ट्रेनों का संचालन हो रहा था लेकिन उनका भी गांव तंदवाल के रेलवे स्टेशन पर ठहराव नहीं था जिससे ग्रामीण बेहद नाराज़ थे। रेल रोको आंदोलन के दौरान रेल यातायात बाधित होने के कारण रेलवे ने कई ग्रामीणों पर ट्रेन रोकने और रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया था। कुल 32 लोगों पर यह मुकदमा दर्ज किया गया था। इनमें से एक आरोपी अजीत सिंह की मौत हो चुकी है जबकि बाकी 31 लोगों को तीन साल में लगभग 15 बार अदालत में पेश होना पड़ा। अब रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय की सहमति के बाद रेलवे पुलिस अदालत में मामला वापस लेने का आवेदन दिया गया। इसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। आदेश में कहा गया कि अभी तक भी आरोप तय नहीं हुए थे इसलिए सभी अभियुक्तों को आरोपों से मुक्त किया जाता है। ग्रामीणों ने अदालत के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि उनका आंदोलन कानून व्यवस्था बिगाड़ने के लिए नहीं था।

### ट्रेनों का संचालन अब भी नहीं हो पाया

ग्रामीणों द्वारा ट्रैक जाम करने के मुकदमे रद्द हो गए हैं लेकिन तीन साल बीत जाने के बाद भी रेलवे ग्रामीणों की मांगों के अनुसार ट्रेनों का संचालन नहीं कर पाया है। वर्तमान में तंदवाल से अंबाला जाने के लिए सुबह में तीन ट्रेनों का संचालन है लेकिन वापसी के लिए केवल शाम को ही ट्रेन उपलब्ध है। यमुनानगर जाने के लिए शाम तक कोई भी ट्रेन नहीं है। ऐसे में ग्रामीणों को केवल ट्रेन संख्या 65511-12 पर ही निर्भर रहना पड़ता है जो सुबह अंबाला जाती है और शाम को यमुनानगर लौटती है।

### मुख्यमंत्री, सांसद, और विधायक से कर चुके मांग

तंदवाल के ग्रामीण ट्रेनों को पुनः चलाए जाने की समस्या सांसद स्वः रतन लाल कटारिया, सीएम नायब सैनी और स्थानीय विधायकों के सामने कई बार रख चुके थे, लेकिन किसी ने भी ग्रामीणों की इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीण कमल चौहान ने बताया कि हम लोगों के खिलाफ दर्ज केस तो कैंसिल हो गया है। इसके आदेश भी आ चुके हैं। इस बात की खुशी है लेकिन जिस मांग को लेकर आंदोलन किया गया था, वह समस्या तो अभी भी बरकरार है। सरकार को चाहिए कि वह लोगों की मांग को पूरा करें और कोरोना काल से बंद पड़ी सभी ट्रेनों को दोबारा चलाया जाए।

## खबर संक्षेप

### केयू के शिक्षकों ने राज्यपाल से किया संवाद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से राजभवन में भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात के दौरान शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। भेंट के दौरान अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मेला प्राधिकरण के सदस्य डॉ सौरभ चौधरी ने गीता महोत्सव के सफल एवं भव्य आयोजन से संबंधित अनुभव साझा किए। इस प्रतिनिधिमंडल में प्रो. भगवान सिंह अध्यक्ष भू-भौतिकी विभाग; डॉ. परमेश कुमार निदेशक पर्यावरण विज्ञान संस्थान; डॉ. जितेंद्र कुमार सह-प्राध्यापक सांख्यिकी एवं संचालन अनुसंधान विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा डॉ सौरभ चौधरी सदस्य अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मेला प्राधिकरण मौजूद रहे। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने गीता महोत्सव के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को अत्यंत प्रेरणादायी बताते हुए इसे प्रदेश के सांस्कृतिक गौरव से जोड़ने वाला ऐतिहासिक क्षण बताया।

### कुंटिया चुनाव को लेकर शेर ग्रुप में हुई नियुक्तियां

**कुरुक्षेत्र।** शेर की ग्रुप की कोर कमेटी की बैठक विशेष बैठक नॉन टीचिंग क्लब में ग्रुप प्रधान नरेश चौधरी की अध्यक्षता में हुई जिसमें ग्रुप को सांगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी वरिष्ठ, कर्मठ कर्मचारियों, अधिकारियों ने शिरकत की। बैठक में आगामी कुंटिया चुनाव को लेकर ग्रुप में सांगठनात्मक नियुक्तियां की गई जिसके तहत सर्वसम्मति से नरेश चौधरी को शेर ग्रुप का चेयरमैन एवं श्रीभगवान को शेर ग्रुप का प्रधान नियुक्त गया गया। शेर ग्रुप के संरक्षक जयपाल सैनी को बनाया गया, कोषाध्यक्ष के लिए डॉ भरत राय और नरेश मागु, शेर ग्रुप मीडिया प्रभारी अमित कुमार एवं रामकुमार बोहत एस. सी. मंच के प्रधान को बनाया गया और ओमप्रकाश हेड सेनिटेशन विभाग, रमेश कुंडू, सेवा सिंह, प्रदीप राणा, सुशील शर्मा, सोमनाथ एवं ज्ञानी राम को विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों का चुनावी इंचार्ज बनाया गया। सभी सदस्यों ने संगठन के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी नरेंद्र वर्मा एवं पूर्व पार्षद ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि शेर ग्रुप के सभी संगठन में पदाधिकारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से ग्रुप को विजय बनाने के लिए कार्य करें।

### ईंट मारकर युवक को किया घायल

**कैथल।** कलायत के गांव वजीर नगर में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर ईंटों से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद घायल युवक को सिविल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मामले में कलायत थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वजीर नगर निवासी संदीप ने बताया कि वह मिस्त्री का काम करता है।

### बारिश के कारण सड़कों पर फैला कीचड़, राहगीर हुए परेशान

# कहीं हल्की तो कहीं तेज बरसात फसलों के लिए साबित हुई वरदान

जिलेभर में सुबह पांच बजे से शुरू हुई थी बरसात, शाम तक लगातार जारी रहा बारिश का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। बरसात में छाता लेकर अपने गंतव्य तक जाती युवती।

पश्चिमी विक्षोभ से यमुनानगर जिले में कहीं हल्की तो कहीं तेज बरसात हुई। जिससे ठंड बढ़ गई। जिले भर में हुई बरसात से जहां लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं यह बरसात किसानों के लिए वरदान साबित होगी। कृषि वैज्ञानिक इस बरसात को फसलों के लिए लाभदायक मान रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों ने पहले से ही 23 जनवरी को हरियाणा समेत उत्तर भारत में बरसात का अंदेशा जताया हुआ था। इसी के मुताबिक वीरवार रात को ही मौसम ने करवट ली। आकाश में काले बादल छा गए। सुबह पांच बजे जिले भर में बूंदाबांदी शुरू हो गई। दिन बढ़ने के साथ साथ जिले में कहीं तेज तो कहीं हल्की बरसात हुई। बरसात का यह सिलसिला शाम तक जारी रहा। इसके साथ ही तेज हवा चलने से मौसम में ठंडक बढ़ गई। अधिकतर लोग अपने घरों में ही दुबके रहे। बसंत पंचमी की छुट्टी होने के कारण शुक्रवार को बच्चे भी घरों पर रहे। दिनभर हुई बरसात से कच्चे रास्तों में कीचड़ हो गया। जिससे राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। बरसात में बाजार भी सुनसान नजर आए। दुकानदार अपनी दुकानों में हीटर सेकते नजर आए। कुछ गर्म पेय पदार्थ वाली दुकानों पर लोगों की भीड़ जमा दिखी। लोगों ने चाय की चुस्की से ठंड में अपने आपको गर्माहट दिलाने का प्रयास किया। कृषि वैज्ञानिक सुनील टाया ने बताया कि बरसात से गेहूं की फसल के साथ-साथ अन्य फसलों को भी लाभ होगा। इस समय फसलों को बरसात की काफी जरूरत थी। उन्होंने बताया कि बरसात से गेहूं के साथ सरसों की भी फसल की अच्छी ग्रोथ होगी। मौसम वैज्ञानिकों ने 24 जनवरी को भी पूरे प्रदेश समेत उत्तर भारत में ओलावृष्टि के साथ बारिश की चेतावनी दी है। बारिश होने से मौसम में ठंड का दौर वापिस से लौट आया है।

#### किसानों के खिले चेहरे

बरसात से किसानों के चेहरे खिले जिले में हुई बरसात से किसानों के चेहरों पर मुस्कुराहट देखी गई। किसान गुरमेज सैनी, राम सिंह व पूर्व सरपंच धर्मपाल ने बताया कि इन दिनों गेहूं की फसल को बरसात की जरूरत थी। बरसात होने से गेहूं की फसल में आ रही अल की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने बताया कि बरसात सरसों व गन्ने की फसल के लिए भी लाभदायक है। पिछले काफी दिनों से बरसात न होने के कारण फसलों पर धूल जमा थी मगर अब हुई बरसात से फसली पूरी तरह से धुलकर साफ हो जाएंगी। जिससे फसलों की पैदावार पर भी बढ़ोतरी होगी।

# गणतंत्र दिवस को लेकर अलर्ट यमुनानगर पुलिस, संधिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर

- उत्तर प्रदेश व हिमाचल बॉर्डर पर रखी जा रही विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। कलानौर बॉर्डर पर वाहनों की चेकिंग करती पुलिस टीम।

गणतंत्र दिवस को लेकर जिला यमुनानगर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने और शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल स्वयं जिले में लगाए गए पुलिस नाकों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं और अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दे रहे हैं।

गौरतलब है कि जिला यमुनानगर भौगोलिक दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है, क्योंकि यह एक ओर हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटा हुआ है, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की सीमाएं भी लगती हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले के सभी प्रमुख प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। बाहरी राज्यों से आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

उत्तर प्रदेश से हरियाणा में प्रवेश करने वाले प्रमुख कलानौर बॉर्डर पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। हर वाहन की गहनता से जांच की जा रही है और आने-जाने वाले लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। कलानौर चौकी इंचार्ज राजीव कुमार ने बताया कि उनकी टीम लगातार बॉर्डर पर तैनात है। चौबीस घंटे निगरानी रखी जा रही है। संदिग्ध वाहनों, दोपहिया वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की विशेष रूप से जांच की जा रही है।

पुलिस प्रशासन द्वारा जिले के अंदर भी प्रमुख चौराहों, बाजारों, सरकारी भवनों और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। गश्त बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय रखा गया है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें और सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गणतंत्र दिवस का पर्व जिले में पूरी शांति, सौहार्द और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

इसके लिए पुलिस हर स्तर पर पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे शहर में सभी स्कूल, कॉलेज एवं जिला स्तर पर सभी सरकारी कार्यालयों में देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर इस साल सराहनीय कार्य करने वाले सभी सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों को जिला स्तर पर विशेष तौर पर सम्मानित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन हर संभव कार्य कर रहा है।

# एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने 25 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को किया गिरफ्तार

- पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। नशीले पदार्थ के साथ पकड़ा गया आरोपी युवक।

एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव तेजली स्थित चर्च वाली गली के पास से एक युवक को 25 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक नशीले पदार्थ के साथ चर्च वाली गली गांव तेजली में पास घूम रहा है। इस सूचना पर उप निरीक्षक सतीश, राजेंद्र, कर्मवीर, जयपाल, विमल, पंकज व अमित की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत मौका पर पहुंचकर एक युवक को काबू किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी रजत गुलिया को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 25 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी पहचान दुर्गा गार्डन जगाधरी निवासी गौरव पुत्र अशोक कुमार के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। इंचार्ज ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से यह पता लगाया जाएगा कि वह नशा कहां से लाता था, किसे सप्लाई करता था तथा इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क तो काम नहीं कर रहा। पुलिस विभाग इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### सरपंच को जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप

**यमुनानगर।** गांव दमोपुरा के सरपंच संदीप ने गांव के ही कुछ युवकों पर उसे जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के बाद एक युवक को नामजद करते हुए पांच अन्य के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत के केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव दमोपुरा निवासी संदीप ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव का मौजूदा सरपंच है। 22 जनवरी को सुबह 10 बजे वह गांव में ही किसी काम से जा रहा था। इस दौरान सुनील के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि सुनील ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे जाति सूचक शब्द बोले। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी सुनील को नामजद करते हुए पांच अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# बसंत पंचमी पर विवाह बंधन में बंधी जरूरतमंद परिवारों की पांच कन्याएं

- रोटरी क्लब ने गरीब परिवारों पांचो कन्याओं को दहेज का जरूरी सामान देकर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



रादौर। वर वधु को आर्शीवाद देते मुख्यातिथि पंकज बसंल व अन्य।

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब की ओर से शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर कस्बा के इंडियन पब्लिक स्कूल में पांच जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के तीसरे सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि मैत्री होलिडेज प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के एमडी पंकज बंसल ने किया। क्लब के प्रोजेक्ट चेयरमैन ईश मेहता व क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी और रादौर नपा के चेयरमैन रजनीश शालु मेहता, ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान के चेयरमैन सीए एसके जिंदल, राइट डायरेक्शन के एमडी विनय मित्तल बिन्नी व दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल आदि ने कन्याओं को आर्शीवाद दिया।

रोटरी क्लब की ओर से नवविवाहितों को सभी जरूरी सामान शादी में भेंट किया गया। विवाह समारोह के दौरान इंडियन पब्लिक स्कूल के लगभग 50 विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर समां बांधा। मुख्यातिथि पंकज बंसल ने कहा कि बेटियों के विवाह समारोह का आयोजन कर सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह सैनी, सचिव भारत माटिया, डॉ. अमन पंजेटा, निर्मल सिंह, मास्टर देवीदयाल , डा. एससीसैनी आदि मौजूद रहे।

### श्री लालद्वारा मंदिर में महंत द्वारका दास महाराज का उत्साह से मनाया जन्मोत्सव



यमुनानगर। मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में भजन गाते हुए श्रद्धालु।

**यमुनानगर।** श्री लालद्वारा मंदिर में ब्रहमलीन महंत द्वारका दास जी महाराज का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भारी बरसात भी श्रद्धालुओं के उत्साह को नहीं रोक पाई और सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु समागम में शामिल हुए। श्री लाल द्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता व वरिष्ठ उपप्रधान योगेश शर्मा ने कहा कि सत्संग के बिना इंसान का जीवन अधूरा है। उन्होंने कहा कि श्री ध्यानपुर धाम बटाला के 13वे ब्रह्मलीन महाराज 1008 द्वारका दास जी महाराज का आज जन्मदिन है । महाराज का यमुनानगर से बहुत नाता रहा है। वह समय.समय पर यहां आकर श्रद्धालुओं को नाम दीक्षा व आशीर्वाद देते थे । उनका पूरा जीवन बाबा लाल जी के आदरसो को जन.जन तक पहुंचने में बीता। उन्होंने बताया कि ध्यानपुर धाम में पवित्र बावली बनी हुई है जिसमें स्नान मंत्र से निसंतान को संतान की प्राप्ति होती है।

# सड़क हादसों दो की मौत एक गंभीर घायल,आरोपियों की जांच में जुटी पुलिस

- पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिले के व्यासपुर और छप्पर थाना क्षेत्रों में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक युवक व व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना व्यासपुर क्षेत्र के गांव मिलक्डा मोड़, रणजीतपुर रोड पर वीरवार सुबह सड़क हादसा हुआ। गांव पिरथीपुर निवासी कौशल (19) अपने चचेरे भाई राहुल (21) के साथ मोटरसाइकिल पर मोहाली जा रहा था। कौशल बाइक चला रहा था। सुबह करीब साढ़े पांच बजे आगे चल रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे से आ रही मोटरसाइकिल ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में कौशल गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि राहुल को भी चोटें आईं। ट्रैक्टर-ट्राली चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से दोनों को सीएचसी व्यासपुर ले जाया गया।

#### पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया

पुलिस ने घायल राहुल के बयान पर थाना व्यासपुर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, दूसरा हादसा थाना छप्पर क्षेत्र के सरस्वती मोड़ पर हुआ। गांव हंगोली निवासी धर्मेंद्र (45) अपने दोस्त कर्मजीत सिंह निवासी सरस्वती नगर के साथ बाइक पर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में धर्मेंद्र की मौत हो गई, जबकि कर्मजीत सिंह भी चोटिल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। विद्यामंदिर स्कूल में आयोजित हवन-यज्ञ में भाग लेते स्टाफ सदस्य।

### हवन-यज्ञ करके मनाया बसंत पंचमी का पर्व

**यमुनानगर।** उत्थान संस्थान में शुक्रवार को बसंत पंचमी के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उत्थान संस्थान की कोशिश इकाई के दिव्यांग बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।सभी बच्चे पीले वस्त्रों में बसंती नजर आए। पूरा वातारण बसंतमय दिखाई दिया। सभी बच्चो ने मां सरस्वती की आराधना कर प्रसाद ग्रहण किया।सभी बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए। इस शुभ अवसर पर उत्थान संस्थान की डायरेक्टर डॉक्टर अंजू बाजपई ने सभी को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बताया की इस दिन देवी सरस्वती की पूजा, विद्या और कला का सम्मान होता है।रंगों और त्योहारों के देश भारत में बसंत पंचमी एक बड़ा पर्व है। इस दिन हम विद्या की देवी सरस्वती मां का पूजन करते हैं। पेड़ों पर नई पत्तियां आने के साथ साथ चारों तरफ पीला रंग दिखाई देता है। फूलों की खुशबू हवा में फैल जाती है। शिक्षाविद डॉक्टर पीके बाजपई ने सभी को बसंत पंचमी की बधाई दी। उन्होंने कहा की बसंत का मौसम आने पर पेड़ो से पुराने पत्ते गिरकर नए पत्ते आते हैं, वैसे ही हमें भी बुरी आदतें छोड़कर अच्छी आदतों को ग्रहण करना चाहिए। हमें नई चीजें सीखनी चाहिए।

# विद्यार्थियों ने कचरे से अच्छी कलाकृतियां बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

- बसंत पंचमी पर मुकंद पब्लिक स्कूल में वेस्ट टू आर्टष प्रदर्शनी का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर



यमुनानगर। मुकंद पब्लिक स्कूल में कलाकृतियां बनाते हुए बच्चे।

नगर निगम यमुनानगर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत मुकंद पब्लिक स्कूल में वेस्ट टू आर्टस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बेकार कचरे व सामान से अच्छी कलाकृतियां बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के निर्देशानुसार आयोजित किए गए कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, रीसाइक्लिंग, पर्यावरण संरक्षण एवं नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बेकार प्लास्टिक बोतलों से कमल के फूल, पक्षियों के लिए घर, पुराने टायरों में पौधारोपण कर वेस्ट टू वेल्थ का संदेश, बोतलों के ढक्कनों से स्वच्छता वॉल, वेस्ट मटेरियल से एरिया मॉडल, डस्टबिन पर विभिन्न मॉडल तैयार कर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन शहरी के सलाहकार लोकेश सेन, आईईसी विशेषज्ञ दुर्गेश कुमार, सहयोगी गगन बेनीवाल ने विद्यार्थियों को कचरा पृथक्करण, पुनः उपयोग,रीसाइक्लिंग के तरीकों की जानकारी दी।

### साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत

# शिक्षकों को साइबर कानून की दी जानकारी : त्यागी

एमडीवीएम पब्लिक स्कूल में सीबीएसई द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर



यमुनानगर। एमडीवीएम पब्लिक स्कूलए हाफिजपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक।

एमडीवीएम पब्लिक स्कूल हाफिजपुर में शुक्रवार को सीबीएसई के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी विषय पर एक दिवसीय ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में विषय विशेषज्ञ डॉ. संजय त्यागी व कुसुम लता ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता डॉ. संजय त्यागी ने ट्रेनिंग के दौरान शिक्षकों को डिजिटल सुरक्षा के विभिन्न आयामों से अवगत कराया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साइबर सेफ्टी एंड सिक्योरिटी आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। ट्रेनिंग में ऑनलाइन खतरों से बचने, डिजिटल फुटप्रिंट्स को सुरक्षित रखने व साइबर कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्कूल मैनेजमेंट के सदस्य अनिल कंबोज ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अपना फीडबैक सांझा किया।

उन्होंने कहा कि इस एक दिवसीय प्रशिक्षण से शिक्षकों के कौशल में वृद्धि होगी। वे छात्रों को भी सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति बेहतर ढंग से जागरूक कर सकेंगे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने डिजिटल सुरक्षा को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकारी प्रधानाचार्या अंजू गुलाटी, सोनाली कंबोज, निखिल कंबोज, अशोक कुमार व अंकुश गौतम समेत स्कूल के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र व पिहोवा में श्रद्धा से मनाया बसंत पंचमी पर्व

## शैक्षणिक संस्थानों, मंदिरों व सामाजिक संगठनों में मां सरस्वती की आराधना, हवन-यज्ञ, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां करवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

माघ मास की शुक्ल पंचमी के पावन अवसर पर बसंत पंचमी का पर्व कुरुक्षेत्र व पिहोवा क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। शैक्षणिक संस्थानों, मंदिरों और सामाजिक संगठनों में मां सरस्वती की वंदना, हवन-यज्ञ, प्रार्थनाएं एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने पीले वस्त्र धारण कर रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया, वहीं श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर विद्या, बुद्धि और सद्बुद्धि की कामना की। आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, संस्कारों और ज्ञान के महत्व का संदेश समाज को दिया गया।

### पीले रंग की वेशभूषा में आए विद्यार्थी


कुरुक्षेत्र। बसंत पंचमी पर्व मनाते विद्यार्थी।

कुरुक्षेत्र। लिटिल मिलेनियम सेक्टर 3 में बसंत पंचमी का पर्व सुव्यवस्थित एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी पीले रंग की वेशभूषा में उपस्थित रहे तथा अपने साथ पीले रंग का भोजन लेकर आए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती (शारदे माँ) की वंदना एवं प्रार्थना के साथ किया गया। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें पतंग निर्माण, पेंटिंग एवं क्राफ्ट गतिविधियां शामिल रहीं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक समझ को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में लिटिल मिलेनियम के रीजनल मैनेजर कंवर सिंह की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं तथा इस प्रकार के आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय प्रबंधन परमिंदर सिंह बाठ ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सम्मान विकसित करते हैं।

### बसंत पंचमी मां सरस्वती की कृपा प्राप्ति का पर्व


आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा।

कुरुक्षेत्र। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरू मैत्री संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा ने बताया बसंत पंचमी का संबंध माता सरस्वती से है। पौराणिक कथा के अनुसार जब भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की तो सृष्टि में कोई जीवन था। लेकिन वह जीवन शांत और बिना किसी आवाज के था। भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छींटा, जिससे देवी सरस्वती प्रकट हुईं। मां सरस्वती ने वीणा बजाकर पूरे संसार में मधुर आवाज फैलाई और सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। मां सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी माना जाता है और माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी मनाए जाने लगी। बसंत पंचमी का संबंध माता सरस्वती से है। पौराणिक कथा के अनुसार जब भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की तो सृष्टि में कोई जीवन था लेकिन वह जीवन शांत और बिना किसी आवाज के था। भगवान ब्रह्मा ने अपने कमंडल से जल छींटा, जिससे देवी सरस्वती प्रकट हुईं। मां सरस्वती ने वीणा बजाकर पूरे संसार में मधुर आवाज फैलाई और सृष्टि में जीवन का संचार हुआ। मां सरस्वती को ज्ञान, संगीत और कला की देवी माना जाता है और माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी को बसंत पंचमी मनाए जाने लगी। बसंत पंचमी का पर्व स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थानों में भी मनाया जाता है।

### भद्रकाली शक्तिपीठ में गुप्त नवरात्र व बसंत पंचमी पर हवन आयोजित


कुरुक्षेत्र। हवन यज्ञ में आहुति डालते यजमान।

कुरुक्षेत्र। गुप्त नवरात्रों में माघ मास, शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को माँ भद्रकाली शक्तिपीठ, कुरुक्षेत्र में बसंत पंचमी का उत्सव भावपूर्ण श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने कहा कि आज गुप्त नवरात्र व बसंत पंचमी एक ही दिन होने के कारण आज के दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि नवरात्रों में पूजा-कर्म कई गुना फलदायी होता है। उन्होंने बताया कि वेद ऋचाएँ बसंत ऋतु को ज्ञान व जीवन प्रदायिनी के रूप में दशार्ती हैं। इस ऋतु को ऋतुराज और मधुमास के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आज प्रातः 11 बजे माँ भद्रकाली शक्तिपीठ में माँ सरस्वती के निमित्त हवन किया गया। पीठाध्यक्ष ने बताया कि माँ सरस्वती सम्पूर्ण स्वर, वाणी, कला, संगीत और विद्या प्रदान करने वाली देवी हैं। पीठाध्यक्ष ने कहा कि भारतवर्ष के सभी लोगों का जीवन बसंत पंचमी की तरह ऐसे ही महकता रहे, ऐसे ही पल्लवित-पुष्पित होता रहे। इस मौके पर माँ भद्रकाली महिला मंडल द्वारा भी बसंती गान किया गया। छोटे स्कूली बच्चे अपनी-अपनी पेन-पेंसिल, कलमों को माँ सरस्वती के चरणों में लगाते हुए भी देखे जा सकते थे। तत्पश्चात माँ को भंडारे का भोग लगाया गया, जिसमें हलवा-चने, आलू-पूरी, कड़ी-चावल के साथ-साथ पीले मीठे चावलों का भी वितरण हुआ। मंदिर के पूरे कार्यक्रम का प्रसारण मंदिर के फेसबुक पेज पर भी लाइव किया गया। इस मौके पर देवेन्द्र गर्ग, सुनील वर्मा, देवीदयाल शर्मा, प्रो. संजीव अग्रवाल, आशीष दीक्षित, रामकुमार चौधरी बलवंत, बलदेव इत्यादि सेवक सम्मिलित हुए।

### बसंत पंचमी एवं वीर हकीकत राय बलिदान स्मरण का किया आयोजन



कुरुक्षेत्र। भारतीय जीवन-दर्शन में पर्व केवल उत्सव नहीं, बल्कि संस्कार, चेतना और कर्तव्यबोध के संवाहक होते हैं। इन्हीं मूल्यों को आत्मसात करते हुए आज गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में माँ सरस्वती प्राकट्योत्सव, वसंत पंचमी तथा वीर हकीकत राय के बलिदान स्मरण का आयोजन पूर्ण श्रद्धा, अनुशासन एवं वैदिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। यज्ञ की पावन अग्नि में आहुतियाँ अर्पित कर विद्या, सद्बुद्धि, शांति एवं राष्ट्रकल्याण की कामना की गई। इसके पश्चात दीप प्रज्ज्वलन हुआ, जो अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने का प्रतीक बना। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत माँ सरस्वती की वंदना हुई। विद्यार्थियों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभागार को भक्ति, शांति और विद्या-भाव से ओतप्रोत कर दिया। वंदना के पश्चात विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह ने बसंत पंचमी के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ऋतु परिवर्तन के साथ जीवन में नवचेतना, सृजनशीलता एवं सकारात्मक दृष्टि का संचार करता है। बसंत पंचमी विद्या, विवेक, वाणी और संस्कारों के विकास का प्रतीक है; माँ सरस्वती की उपासना से शुद्ध विचार, संयमित वाणी और श्रेष्ठ कर्म की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर वीर हकीकत राय के अमर बलिदान का स्मरण कर उनके साहस, सत्यनिष्ठा और धर्मरक्षा के संकल्प को नमन किया गया, जो विद्यार्थियों के लिए त्याग और नैतिक दृढ़ता का स्थायी आदर्श है।

### ज्ञान, बुद्धि, विवेक व शुद्धता का प्रतीक पर्व



कुरुक्षेत्र। बसंत पंचमी सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से ज्ञान, उत्साह, और जीवन में सकारात्मकता लाने का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। बसंत पंचमी के आध्यात्मिक केंद्र में देवी सरस्वती विराजमान हैं, जिन्हें ज्ञान, बुद्धि, संगीत और वाणी की साक्षात देवी के रूप में पूजा जाता है। देवी सरस्वती को ज्ञान, बुद्धि, विवेक और शुद्धता का प्रतीक माना जाता है। उनकी वाणी और वीणा बुद्धि, कला और संतुलन का प्रतीक हैं। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित ज्ञान संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों बसंत पंचमी पर संभाषण की प्रस्तुति दी। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने ज्ञान संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा बसंत पंचमी ज्ञान, कला, शिक्षा और प्रकृति के नवीन सृजन का प्रमुख सामाजिक त्योहार है। जिसमे हमारी परम्परा, भौगोलिक परिवर्तन , सामाजिक कार्य तथा आध्यात्मिक पक्ष सभी का सम्मिश्रण है।

### बसंत पंचमी पर पिहोवा में मां सरस्वती युवा संगठन ने कराया हवन व भंडारा



पिहोवा। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पिहोवा में हर वर्ष की तरह माँ सरस्वती युवा संगठन द्वारा भव्य हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। युवा संगठन की ओर से पंडित जय भगवान शर्मा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि, बसंत पंचमी का दिन माँ सरस्वती को समर्पित है। आज माँ के चरणों में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। माँ सरस्वती विद्या, बुद्धि और विवेक की अधिष्ठात्री देवी हैं। उनके आशीर्वाद से ही समाज में ज्ञान, संस्कार और सद्बुद्धि का प्रसार होता है। हमें अपने जीवन में शिक्षा और संस्कार को सर्वोच्च स्थान देना चाहिए, यही माँ सरस्वती की सच्ची आराधना है। उन्होंने आगे माँ सरस्वती का गुणगान करते हुए कहा कि यह पावन भूमि माँ सरस्वती की कृपा से धन्य है। माँ की कृपा से क्षेत्र में शांति, समृद्धि और उन्नति बनी रहे, यही कामना है। कार्यक्रम के दौरान हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं प्रगति की प्रार्थना की। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने इस सफल आयोजन के लिए माँ सरस्वती युवा संगठन के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक व सामाजिक आयोजनों के निरंतर आयोजन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक, संगठन के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## खबर संक्षेप

### सर्दियों में भूख लगने पर पॉपकॉर्न बेहतर

कुरुक्षेत्र। सर्दियों के मौसम में पाचन अग्नि तेज होने की वजह से भूख बार-बार और जल्दी लगती है। खाना खाने के कुछ घंटों बाद ही तीखा, मसालेदार और खस्ता खाने का मन करता है। ऐसे में लोग भूख को शांत करने के लिए चाय के साथ चिप्स, नमकीन और तले-भुने खाद्य-पदार्थों का सहारा लेते हैं, जो पाचन से लेकर हृदय को भी नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसी छोटी-छोटी भूख से निपटने के लिए पॉपकॉर्न का सहारा लिया जा सकता है, जो स्वाद से लेकर सेहत का ख्याल रखेगा। यह जानकारी पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन एवं हृदय- छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. शैलेंद्र ममगाईं शैली ने दी।

### महाशिवरात्रि पर होगी गरीब कन्याओं की शादी

पिहोवा। श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में 14 एवं 15 फरवरी को लगने वाले महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले में लाखों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए पहुंचेंगे। खास बात यह है कि इस बार श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए हरिद्वार से लाया गया गंगाजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होगा। शुक्रवार को गंगाजल का 35000 लीटर का नया टैंक हवन यज्ञ के साथ मंदिर में स्थापित किया गया। विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ इसे विधिवत रूप से मंदिर के बाहर स्थापित कराया गया।

## शुद्धता, शांति और सात्विकता का संदेश देती हैं मां सरस्वती: स्वामी ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा


पिहोवा। स्वामी ज्ञानानंद महाराज से आशीर्वाद लेते रोशन लाल गर्ग व समाजसेवी प्रदीप सैनी को सम्मानित करते आयोजक।

मां सरस्वती प्रकटोत्सव बसंत पंचमी के पावन पर्व के उपलक्ष में मां सरस्वती अन्नपूर्णा भंडारा सेवा समिति, मां सरस्वती युवा संगठन व ब्रह्मयोनि तीर्थ स्थित गुरू कृपा आश्रम में गीता पाठ, हवन-यज्ञ व कन्या पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

समिति के अग्रणी सेवादार रोशन लाल गर्ग ने बताया कि सरस्वती मंदिर के प्रथम तल पर बने लंगर भवन में पंडित शांति स्वरूप शर्मा ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना का कार्य संपन्न करवाया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर पुण्य अर्जित किया। श्रीकृष्ण कृपा महिला संकीर्तन मंडल ने अपने भजनों के माध्यम से महामाई का गुणगान किया। तत्पश्चात समिति द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे गए। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर मां अन्नपूर्णा की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद दिया।

## हिसार से तख्त श्री हजूर साहिब के लिए पहली फ्लाइट 25 को

**कवलजीत सिंह अजराना ने मुख्य मंत्री का जताया आभार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। प्रिंसिपल सेक्रेटरी अवनीत कौर से मुलाकात करते एचएसजीएमसी के प्रधान व सदस्य।

हरियाणा से सचखंड श्री नांदेड़ साहिब (हजूर साहिब) के लिए सीधी फ्लाइट सेवा की लंबे समय से चली आ रही सिख संगत की मांग आखिरकार पूरी हो गई है। हरियाणा सरकार ने नांदेड़ साहिब के लिए ट्रायल बेसिस पर फ्लाइट सेवा को हरी झंडी दे दी है।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी कुरुक्षेत्र के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा ने बताया कि यह ट्रायल फ्लाइट 25 जनवरी को हरियाणा के हिसार एयरपोर्ट से दोपहर 2:30 बजे रवाना होगी और शाम 5:30 बजे नांदेड़ साहिब पहुंचेगी। तीन दिन के प्रवास के बाद यह फ्लाइट 28 जनवरी को नांदेड़ साहिब से शाम 4 बजे रवाना होकर चंडीगढ़ पहुंचेगी। एचएसजीएमसी के पूर्व स्पोक्समैन कवलजीत सिंह अजराना ने इसके लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि इस फ्लाइट में कुल 61 सीटें उपलब्ध हैं, जिन्हें हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा संगत को दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हवाई यात्रा शुरू करने की मांग को लेकर हरियाणा कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झींडा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल प्रिंसीपल सेकेट्री (फॉरेन अफेयर्स डिपार्टमेंट) से मिला।

### हजूर साहिब के लिए उड़ान

जत्थेदार झींडा ने प्रिंसिपल सेक्रेटरी अवनीत कौर को हरियाणा से सचखंड श्री नांदेड़ साहिब श्री हजूर साहिब के लिए हवाई यात्रा शुरू करने की मांग करते हुए बताया कि हरियाणा में सिख संगत की संख्या काफी ज्यादा है। यहां से भारी संख्या में सिख संगत श्री हजूर साहिब के दर्शन करने के लिए जाती है। संगत पिछले काफी समय से हरियाणा से सचखंड श्री नांदेड़ साहिब श्री हजूर साहिब के लिए हवाई यात्रा शुरू करने की मांग भी कर रही है। इस पर प्रिंसिपल सेक्रेटरी अवनीत कौर ने हिसार एयरपोर्ट से श्री हजूर साहिब के लिए हवाई यात्रा ट्रायल बेस पर करने की अनुमति दे दी। इस मौके पर हरियाणा कमेटी के संयुक्त सचिव बलविंदर सिंह भिंडर, कार्यकारिणी समिति मेंबर रूपिंदर सिंह, मैंबर हरनेक सिंह, मोहनजीत सिंह, इकबाल सिंह, गुरनाम सिंह डबरी आदि रहे।



### बोस के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान

कुरुक्षेत्र। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भारत के सपूत सुभाष चन्द्र बोस की जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान प्रतियोगिता में भाग 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के मुखिया जगमोहन ने बसंत पंचमी पर्व व सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती की सभी छात्र छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को शुभकामनाएं दी व सभी को सुभाष चन्द्र बोस के दिखाए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में संस्थान से छाता निकिता प्रथम, मनीषा द्वितीय व दिव्या तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर संस्थान के अधीक्षक अरुण कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, जगबीर सिहं, सुमित आहूजा, अखजिन्द्र सिहं, युवराज, रोबिन व स्नेह लता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सिटी लेवल साइंस फेयर में सात विजेताओं का जोनल स्तर के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। साइंस फेयर का अवलोकन करती निर्णायक मंडल टीम।

कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में सिटी लेवल साइंस फेयर का आयोजन किया गया। द्विदिवसीय सिटी लेवल साइंस फेयर में विभिन्न श्रेणियों के कुल 7 विजेताओं को अपने विज्ञान प्रदर्शों के साथ जोनल स्तर के विज्ञान मेले में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जो 26 एवं 27 मार्च 2026 को नेशनल साइंस सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस द्विदिवसीय विज्ञान मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि पंकज सेतिया, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, कुरुक्षेत्र द्वारा रिबन काटकर किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुनील ढींगरा, निदेशक, यू.आई.ई.टी., कुरुक्षेत्र रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशेषज्ञ निर्णायक मंडल में डॉ. दीपक राय बब्बर, प्राणी विज्ञान विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, डॉ. पवन कुमार दीवान, यू.आई.ई.टी., कुरुक्षेत्र तथा डॉ. नीरा राघव, रसायन विज्ञान विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय शामिल रहे। उद्घाटन अवसर पर विज्ञान मेले में कुरुक्षेत्र एवं आसपास के विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए कुल 83 विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए गए।


थानेसर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देते जन संघर्ष मंच के कार्यकर्ता।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि

थानेसर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 129 वें जन्म दिवस पर जन संघर्ष मंच हरियाणा की ओर से सुभाष पार्क थानेसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि दी गई। मंच की प्रान्तीय महासचिव सुदेश कुमारी, ऊषा कुमारी, छात्र संगठन एसओएसडी की संयोजिका कविता विद्रोही ने नेताजी के संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाजपा सरकार की लोकतंत्र विरोधी कट्टरवादी हिंदुत्ववादी सांप्रदायिक राजनीति व कारपोरेटपरस्त जनविरोधी नीतियों की निन्दा की। इस मौके पर मंच के साथी करनैल सिंह, नरेश कुमार,सोमनाथ,मेवाराम, पूजा, सतीश, वन्दना, सीमा, मीना, रामपाल आदि ने भी नेताजी को अपनी श्रद्धांजलि दी, नेताजी के सम्मान में क्रांतिकारी नारे लगाते हुए प्रोग्राम का समापन किया गया।

## 'एक शाम तिरंगे के नाम' करवाएगी फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया: धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। जानकारी देते सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह।

सांसद नवीन जिन्दल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान-2026 के अंतर्गत कुरुक्षेत्र में एक विशेष देशभक्ति काव्य-संध्या एक शाम तिरंगे के नाम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 24 जनवरी, शनिवार को सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी के हॉल में आयोजित होगा, जिसमें साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रभावना का प्रभावशाली संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में अदबी संगम एवं सार्थक साहित्य मंच से जुड़े ख्यातिप्राप्त कवि ममता सूद, डॉ. संजीव अंजुम, डॉ. आबिद, सुधीर ढांडा, सुभाष गर्ग पार्थ, सुबे सिंह सुजान, बलवान सिंह, प्रकाश कुरुक्षेत्री, नरेश सेगवाल, अनीता रामपाल, मीनाक्षी शर्मा, संजय कुमार, हरीश बंसल, वीरेंद्र राठौर , सीमा बिरला,रितु बरकी, नेहा भट्ट, विरेन्द्र राठौर, रेणु खुग्गर, सुमन बाला बतरा, राधाअग्रवाल, गायत्री कौशल, डॉ.केवल कृष्ण, सुमन सांगवान और कविता रोहिल्ला देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं, गजलों और मुक्तकों का पाठ करेंगे। इन रचनाओं के माध्यम से श्रोताओं में वीर रस, राष्ट्रगौरव और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य साहित्य के माध्यम से नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व, उसकी गरिमा और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों से जोड़ना है। इस अवसर पर जिला परिषद कुरुक्षेत्र की अध्यक्षा कंवलजीत कौर मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी।

### शुक्रवार को अधिकतम तापमान 14 व न्यूनतम 6 डिग्री दर्ज किया

## तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने बढ़ाई ठंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

वीरवार देर रात्रि एकाएक मौसम का मिजाज बदला। ठंडी तेज हवाओं के बीच बारिश होने लगी। बारिश शुक्रवार को पूरा दिन जारी रही। दिन भर आसमान में काले बादल छाए रहे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 14 और न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सर्दी के मौसम में साथ ही चली ठंडी हवाओं के कारण ठंडक भी पहले से ज्यादा बढ़ गई है। तेज हवाओं के चलते शहर के कई क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पर भी असर पड़ा। बिजली के लंबे कट के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इधर, लोग ठंड से बचने के लिए अलाव के माध्यम से ठंड से बचने का प्रयास करते दिखाई दिए। ठंडी तेज हवाएं चलने के कारण लोग अपने घरों में बैठने को मजबूर हो गए जिसके चलते अन्य दिनों की अपेक्षा सांय के समय पार्कों में लोगों की चहल- कदमी कम नही रही। बारिश और तेज हवाओं के चलते के कारण बाजार में भी कारोबार पर असर दिखाई दिया। सांय के समय बाजार में लोगों की आवाजाही काफी कम ही रही। वहीं चिकित्सक भी बुजर्गों को सुबह और शाम के समय सैर नहीं करने की सलाह दे रहे हैं। बारिश के कारण जन जीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के कारण जहां लोग घरों से बाहर नहीं निकल सके वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कीचड़ से जीवन नारकीय समान हो गया। बारिश के कारण सिहरन भी बढ़ गई। बच्चे और बुजुर्ग घरों में ही कंबल और ऊनी चादर ओढ़कर दिन भर बैठे रहे।


कुरुक्षेत्र। बूंदाबांदी में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

**गेहूं की फसल के लिए वरदान बनी बारिश**

गेहूं की फसल के लिए बारिश वरदान बनकर आई है। अभी तक विंटर रेन न होने से किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें थी। फसल से अच्छी पैदावार लेने के लिए सिंचाई की जरूरत थी। अभी तक अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक चल रहा था जिससे गेहूं की फसल के लिए अनुकूल नहीं माना जा रहा था। कृषि विशेषज्ञ डा. कर्मचंद के मुताबिक, इस समय गेहूं की फसल के लिए बारिश किसी वरदान से कम नहीं है। बारिश गेहूं की फसल में सिंचाई की कमी को पूरा करेगी, साथ ही तापमान में गिरावट आने से गेहूं की बढ़वार को फायदा होगा।

## खबर संक्षेप

### शिक्षकों की मांगों पर जताई सहमति

**अंबाला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष रामवीर शर्मा के नेतृत्व में हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ पवन कुमार से मिला प्रतिनिधि मंडल ने बहुत समय से लंबित बोर्ड से संबंधित बोर्ड परीक्षाओं में सुपरीटेंडेंट सुपरवाइजर क्लर्क एवं परीक्षा केंद्र प्रमुख को बोर्ड के द्वारा दिए जाने वाले मानदेय के विषय में एवं कक्षा दसवीं एवं 12वीं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए मिलने वाली राशि के संबंध में शिक्षकों का पक्ष रखा।

### चोरी की ऑल्टो के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अंबाला।** सेंट्रल जेल पुल के नीचे से पुलिस ने चोरी की ऑल्टो कार बेचने की फिराक में घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी पंजाब से अंबाला कार बेचने के लिए आए हुए थे। आरोपी की पहचान पटियाला के चरासो गांव के विनीत गौतम, शुभम गौतम व जीरकपुर निवासी रिमांशु के रूप में हुई है।सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने तुरंत जेल पुल के नीचे नाकाबंदी शुरू कर दी।

### चोरी का आरोपी चार दिन के रिमांड पर

**साहा।** जाली दस्तावेजों से कंपनी का सामान चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को आर्थिक अपराध शाखा ने काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान राजस्थान के चित्तौड़गढ़ के भगवानपुर गांव के हरीश के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद चार दिन के रिमांड पर लिया है। आर्थिक अपराध शाखा के निरीक्षक परमवीर ने बताया कि यह गिरोह बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देता था।

### गवाहों के बयान दर्ज करने के दिए निर्देश

**अंबाला।** बसपा के प्रदेश सचिव व अधिवक्ता हरबिलास रज्जूमाजरा की हत्या के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने मुख्य गवाहों के बयान दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अदालत ने अभियोजन पक्ष और निचली अदालत को निर्देश दिया है कि मामले के चश्मदीद गवाहों और अन्य महत्वपूर्ण गवाहों के बयान प्राथमिकता के आधार पर दर्ज किए जाएं। मामले में अभी तक शिकायतकर्ता सुदर्शन और घायल चश्मदीद पुनीत डांग उर्फ चुन्नू सहित नरेंद्र सिंह, अमरीक सिंह, अमित कुमार और सुमित कुमार जैसे मुख्य गवाहों के बयान अभी दर्ज होने बाकी हैं।

## फिर बढ़ी ठंड, निचले इलाकों में पानी भरने से बढ़ी परेशानी

# तेज हवाओं के साथ बरसात होने से जनजीवन प्रभावित

■ इंको चौक पर तेज आंधी से बिजली का भारी खंभा गिरा, कई घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला/मुलाना

देर रात से हो रही बरसात की वजह से शुक्रवार को पूरे दिन जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। खासक अलसुबह से ही तेज हवाओं के साथ हो रही बरसात से निचले रिहायशी एरिया में भी पानी भर गया। बरसात से जहां मौसम में ठंडक बढ़ गई। वहीं तेज हवाओं से क्षेत्र में विभिन्न मार्गों पर सड़क किनारे खड़े.पेड़ गिर गए । इससे यातायात प्रभावित हुआ। दोसड़का से बराड़ा रोड़ पर होली अड्डे के पास बड़ा गिर गया जिसके चलते मार्ग पर यातायात पूर्ण रूप से ठप हो गया । इसी मार्ग पर एनआरआई होटल के सामने भी पेड़ गिरा। मार्ग पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गई। इसके अलावा धनौरा मुलाना रोड़ पर, धनौरी कलावड़ रोड़ पर और साढ़ौरा_ दोसड़का रोड़ पर भी पेड़ गिरे जिससे यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि सूचना मिलने पर संबंधित विभाग ने मौके पर पंहुच कर पेड़ हटाने का कार्य शुरू किया जिसके बाद यातायात को सुचारू किया ।




बरसात व तेज हवा की वजह से गिरे पेड़ों का दृश्य।

### थाने में गिरा पेड़

तेज आंधी के चलते मुलाना थाना परिसर में एक सफेदे का बड़ा पेड़ कार पर गिर गया । जिसमें कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। कार मुलाना थाना में कार्यरत एक मुलाजिम की है। इसके साथ खड़ी दो अन्य कारों को भी हल्की क्षति पंहुची है। मुलाना_ धनौरा रोड़ पर डुलियाना गांव के पास एक पेड़ अचानक कार के उपर गिर गया । पेड गिरने से कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई है। मुलाना में देवी मंदिर मार्ग पर पंचायत भवन के पास एक सैंकड़ों वर्ष पुराना पीपल का पेड़ तेज आंधी के चलते गिर गया। गनीमत रही कि जब वह गिरा तो वहां कोई नहीं था ।यह वृक्ष बहुत पुराना था । जिसमें अब केवल एक बड़ा टहना ही बचा था जोकि शुक्रवार को तेज आंधी में गिर गया । गांव हमीदपुर में

### फसलों को फायदा

देर रात से हो रही बरसात की वजह से ठंड फिर बढ़ गई है। हालांकि बरसात की वजह से गेहूं की फसल को भारी फायदा होने की बात कही जा रही है। किसान बरसात से बेहद खुश नजर आ रहे हैं। हालांकि निरंतर हो रही बरसात की वजह से लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। खराब मौसम को देखते हुए कुछ स्कूलों ने बच्चों की पढ़ाई के लिए ऑनलाइन क्लास चलाने का निर्णय लिया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखने को मिला है। पिछले दो-तीन दिनों से तेज धूप निकलने के कारण दिन के तापमान में वृद्धि हुई थी, लेकिन अब मौसम में आए इस परिवर्तन से सर्दी कुछ और दिनों तक बनी रहने की संभावना है।

### बड़ा हादसा टला

अंबाला शहर के इंको चौक पर तेज आंधी की वजह से शुक्रवार का हाईवोल्टेज लाइन वाला बिजली का एक खंभा गिर गया। खंभे की वजह से यहां बड़ा हादसा टल गया। खंभे की वजह से मुख्य सड़क पर जाम लग गया। काफी देर तक यहां यातायात प्रभावित रहा। सूचना के बाद बिजली निगम के कर्मचारियों ने लाइन काटकर खंभे को सड़क से किनारे किया। इसकी वजह से पूरे एरिया में बिजली आपूर्ति कई घंटे तक बाधित रही। तेज हवाओं के कई अंबाला छावनी व शहर में कई जगह पेड़ भी टूटकर मुख्य सड़क पर गिर गए। तेज हवाओं की वजह से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।



## बारिश के बीच मंत्री विज ने दिखाया जज्बा

# सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा को सैन्य अंदाज में किया नमन



**अंबाला।** नेताजी को पुष्प अर्पित करते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

■ नेता जी को समर्पित सबसे सुंदर 'सुभाष पार्क' में गूंजा 'नेताजी अमर रहें' का नारा, विज ने जयंती पर बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने नेता जी सुभाषचंद्र बोस के जन्मदिन (पराक्रम दिवस) के अवसर पर अंबाला छावनी के सुभाष पार्क में तेज हवाओं व बारिश में नेता सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने नेताजी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा के समक्ष सैन्य अंदाज में 'सैल्यूट' कर 'नेता जी अमर रहे' के नारे भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लगाए। इस अवसर पर विज ने कहा कि नेता सुभाष चंद्र बोस के नाम से हमने यहां अंबाला छावनी में सुभाष पार्क बनवाया है।जब से यहां नेता जी विराजमान है हम हर वर्ष यहां अपने श्रद्धा सुमन प्रस्तुत करने के लिए आते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 23 जनवरी को नेता सुभाष चंद्र बोस जी के जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के तौर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री अनिल विज ने कार्यकर्ताओं के साथ नेताजी को नमन किया और बाद में सभी को जन्मदिन के मौके पर लड्डू बांटे। नप अध्यक्ष स्वर्ण कौर, भाजपा नेता संजीव सोनी, आशीष अग्रवाल, हर्ष बिंद्रा मौजूद रहे।

### 17 एकड़ में फैला पार्क

अंबाला छावनी में ऊर्जा मंत्री अनिल विज के अथह प्रयासों से नेता सुभाष चंद्र बोस को समर्पित हरियाणा का सबसे सुंदर सुभाष पार्क यहां पर बनाया गया है जोकि 17 एकड़ में फैला है। यहां रोज हजारों लोग आकर नेताजी के जीवन से प्रेरित होते हैं। इस पार्क को मंत्री अनिल विज के प्रयासों से स्थापित किया गया था। यह पार्क प्रदेश के निहायत खूबसूरत पार्कों में शुमार है, जहां प्रदेशभर से लोग सैर सपाटे और इसकी खूबसूरती को निहारने के लिए आते हैं।

# करोड़ों की ठगी के मामले में भाजपा नेता गिरफ्तार

■ नोटों का धंधा करता है मुख्य आरोपी, कई लोगों को बना चुके हैं ठगी का शिकार, अब जीआरपी कर रही है जांच

■ बिहार से तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

ट्रेन नंबर 15707 आम्रपाली एक्सप्रेस में हुई लूट के तार बिहार के समस्तीपुर से जुड़ गए। अब जीआरपी ने 1.90 करोड़ की ठगी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक भाजपा नेता भी शामिल बताया जा रहा है। आरोपियों की पहचान पंकज कुमार अजनौल, दलसिंह सराय समस्तीपुर, कौशल कुमार झाझा जमुई और विभूतिपुर निवासी रजनीश कुमार के तौर पर हुई है।

तीनों आरोपियों को जीआरपी की विशेष टीम अंबाला लेकर पहुंची इस मामले में कुछ अन्य संदिग्धों से भी पूछताछ की जा रही है। परिवादी सुरेश जोशी ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि जनवरी 2025 में उसे दो व्यक्ति पंजाब में मिले थे। उन्होंने पैसा दोगुना करने की जानकारी दी थी। उनके कहने पर ही वो बिहार में एक व्यक्ति से मिलने भी गए थे। यहीं 1.90 करोड़ के लेन-देन को लेकर बात भी हुई थी, इसके बाद वह रुपये लेकर बिहार चले गए। कुछ समय बाद उन्हें दो बैग दिए गए और इसमें नकदी भी दिखाई गई। ठगों ने बताया कि उनके रुपयों को दोगुना कर दिया गया है लेकिन ट्रेन में यात्रा के दौरान व्यक्ति दोनों बैग लेकर चंपत हो गए। जांच टीम ने आरोपी के अजनौल स्थित घर स छह लाख रुपये नकद, 30 लाख के जेवर और एक लग्जरी इनोवा कार भी बरामद की है। जीआरपी ने बरामद नकदी और गहनों को जब्त कर लिया है।

### रकम को डबल करने का झांसा

पंजाब के रहने वाले सुरेश जोशी ने अंबाला छावनी जीआरपी थाना में शिकायत में आरोप लगाया गया था कि रुपये डबल करने और कर्ज की राशि पर भारी मुनाफा दिलाने के नाम पर उनसे 1 करोड़ 90 लाख रुपए लिए गए। बाद में रकम को डबल दिखाकर झांसा दिया गया और पूरी राशि की लूट कर ली गई। जीआरपी की जांच के दौरान समस्तीपुर जिले के दलसिंह सराय थाना क्षेत्र के पंकज कुमार लाल व अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई। एसपी रेलवे नितिका गहलोत के निर्देश पर जीआरपी प्रभारी हरीश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी इनपुट के आधार पर टीम ने मं बिहार के दलसिंह सराय (अजनौल) में दबिश दी। इस ऑपरेशन में मुख्य आरोपी पंकज कुमार लाल के साथ उसके दो सहयोगियों, कौशल और रजनीश को भी काबू किया गया। समस्तीपुर के डीएसपी विवेक शर्मा ने बताया है कि पंकज कुमार लाल 30 हजार रुपए लेकर एक लाख के जाली नोट देता था। बता दें कि कार्रवाई जाली नोट डबलिंग रैकेट से जुड़े एक मामले में की गई है।

# एक गांव व एक गोत्र में शादी पर लगाई जाए रोक : टेकराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सर्वजातीय खाप पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने राष्ट्रीय मुख्यालय पर सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। कंडेला ने कहा है कि आज समाज में एक गांव, एक गोत्र में शादी पर रोक लगानी चाहिए। क्योंकि इसमें समाज का भाईचारा खराब होता है। लड़का व लड़की की शादी माता-पिता की सहमति से होनी चाहिए। लिव इन रिलेशनशिप को भी खत्म किया जाए। युवाओं में बढ़ते नशे को देखते नशे को छोड़ दूध पियो का संदेश दिया है। आज हमारा समाज एक बच्चे पर आधारित है। अगर कोई किसी प्रकार का हादसा हो जाता है तो परिवार के लोग उस सदमे से बाहर नहीं निकाल पाते है। उन्होंने कहा है कि कम से कम दो या तीन बच्चे पैदा करने चाहिए ताकि परिवार का ताना-बाना बना रहे।



### अनिल बेनीवाल बने गुजरात प्रदेश अध्यक्ष

कंडेला ने सर्वखाप व कंडेला जन कल्याण फाउंडेशन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने के लिए कई प्रदेश अध्यक्षों की सूची जारी करते कहा कि राजस्थान के मिर सिंह रेढू व पंजाब के गुरतेज सिंह रेढू, उत्तर प्रदेश के देवेंद्र सिंह रेढू, मध्य प्रदेश के दिलबाग सिंह गोयत, उत्तराखंड के गगनदीप, चंडीगढ़ से अशोक मित्तल, बिहार के रामप्रसाद, दिल्ली से धर्मपाल रेढू, गुजरात से अनिल बेनीवाल को अपने प्रदेशों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# छह माह से अधिक लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से करें निपटारा : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

एसपी कुलदीप सिंह ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में सभी डीएसपीए थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर अपराध एवं कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोई भी छह माह पुराना मामला हो तो उसे तुरंत प्राथमिकता से निपटाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बैठकों का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण को अधिक प्रभावी बनाना, जनशिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करनाा, पुलिसिंग को संवेदनशील, जवाबदेह व तकनीक आधारित बनाना है।




**जींद।** पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी कुलदीप सिंह।

### साप्ताहिक रेस्ट देने के निर्देश

एसपी ने कहा कि आदतन अपराधियों व असामाजिक तत्वों की नियमित समीक्षा कर उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। थानों में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता को पावती देने, शिकायतों का समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान करने व चोरी के मामलों में आरोपियों की पहचान कर मामलों को शीघ्र ट्रेस करने पर पर जोर दिया। किसी भी घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अनिवार्य रूप से प्राप्त कर उसका गहन विश्लेषण किया जाए। इसके साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों जैसे टावर डंपए डिजिटल ट्रेसिंग व अन्य वैज्ञानिक तरीकों का प्रभावी उपयोग किया जाए ताकि चोरी, गृहभेदन, छिनैती, लूट व डकैती जैसे मामलों में नामालूम आरोपियों की पहचान कर समय रहते शिनाख्त की जाए। कर्मचारी कल्याण को प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक पुलिस कर्मचारी को साप्ताहिक रेस्ट देने के निर्देश दिए।

# रिहर्सल में डीएसपी ने ली परेड की सलामी

■ कार्यक्रम स्थल का अवलोकन, अधिकारियों को जरुरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत शुक्रवार को अनाज मंडी परिसर में परेड एवं मार्च पास्ट का दूसरी रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल का अवलोकन एसडीएम शिवजीत भारती ने किया ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश एवं खराब मौसम को देखते गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को अनाज मंडी में सुबह 11 बजे की जाएगी। रिहर्सल के दौरान डीएसपी सूरज चावला द्वारा परेड की सलामी ली गई। रिहर्सल के दौरान पुलिस बल सहित विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज की एनसीसी टुकडिय़ों ने परेड एवं मार्च पास्ट में अनुशासित एवं प्रभावशाली प्रदर्शन किया। एसडीएम ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है जो हमें संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों और देश की एकता एवं अखंडता का स्मरण कराता है। इस समारोह के माध्यम से युवा पीढ़ी में राष्ट्र प्रेम और जिम्मेदार नागरिक बनने की भावना सुदृढ़ होती है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नमन किया।



**नारायणगढ़।** रिहर्सल के दौरान परेड की सलामी लेते हुए डीएसपी सूरज चावला।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध

एसडीएम ने दीनबंधु सर छोटू राम जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सर छोटू राम जी ने किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे आज भी सामाजिक न्याय और सेवा की दिशा में मार्गदर्शक हैं। साथ ही उन्होंने बसंत पंचमी के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां सरस्वती की कृपा से सभी के जीवन में ज्ञान, विवेक और सद्भाव का संचार हो। डीएसपी सूरज चावला ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। परेड एवं कार्यक्रमों के दौरान अनुशासन और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

### टुकडियों को जरूरी निर्देश

रिहर्सल में परेड में शामिल टुकडियों को डीएसपी सूरज चावला ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड कमांडर एएसआई नारायण सिंह के नेतृत्व में परेड की गई। इसमें पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व एएसआई आशिक मोहम्मद ने किया। राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ का नेतृत्व प्लाटून कमांडर खुशी शर्मा, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल का नेतृत्व हरदीप सिंह ने किया, पीएम श्री राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल पतरेहड़ी का नेतृत्व चिराग द्वारा किया गया, डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल का नेतृत्व भव्य कुमार ने किया।

## भागवत कथा में श्रद्धालुओं पर बरसाई ज्ञान की अमृत वर्षा

# गीता का अध्ययन करने वाले को होगी बैकुंठ की प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

श्री कल्याण कमल आश्रम हरिद्वार के महामंडलेश्वर स्वामी श्री कमलानंद गिरि महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति नित्य भगवद्गीता का अध्ययन करता है उसे बैकुंठ की प्राप्ति होती है। बैकुंठ वह स्थान है जहां न पाप है, न कर्मफल का बंधन और न ही भय व शोक। वहां केवल आत्मस्वरूप का बोध होता है। कमलानंद गिरि शुक्रवार को अंबाला शहर के नावल्टी रोड स्थित प्राचीन श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित भगवद्गीता एवं श्रीमद् भागवत प्रवचन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति नियमित गीता अध्ययन और प्राणायाम करता है उसे पुनः माता के गर्भ में नहीं आना पड़ता। जन्म-जन्मांतर के पाप व ताप नष्ट हो जाते हैं। महाराज ने एक प्रेरक दृष्टांत सुनाते हुए बताया कि एक गीदड़ जो कुत्तों से जान बचाने के लिए एक ब्राह्मण की गौशाला में छिप गया। वहां हो रहे गीता पाठ को सुनने के कारण अगले जन्म में ऋषि बना और परमात्मा का साक्षात्कार कर मोक्ष को प्राप्त हुआ। इससे सिद्ध होता है कि गीता का श्रवण मात्र भी जीव को उच्चतम गति प्रदान करता है।




**अंबाला।** प्रवचन करते स्वामी कमलानंद गिरि महाराज एवं उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### गीता श्रवण जरूरी

उन्होंने कहा कि यह नश्वर शरीर तो बाहर से बार-बार साफ किया जाता है लेकिन हृदय में जमे जन्म-जन्मांतर के कर्म दोषों को केवल गीता ज्ञान से ही शुद्ध किया जा सकता है। अन्य शास्त्रों में विस्तार अधिक है जबकि गीता में सार ही सार है। गीता भगवान के मुख से निकली होने के कारण महाप्रसाद है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इसका अध्ययन और श्रवण अवश्य करना चाहिए। स्वामी सुशांतानंद महाराज ने भी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर संत महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# टूटी ग्रिल ठीक करवाने के निर्देश

■ डीसी दरबार में उठाया रानी तालाब मंदिर परिक्रमा मार्ग की टूटी ग्रिलों का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जींद शहर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र रानी तालाब मंदिर के परिक्रमा मार्ग पर लगी टूटी कंक्रीट ग्रिलों का मामला डीसी दरबार में प्रमुखता से उठा। अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा के समक्ष यह गंभीर समस्या रखी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तत्काल मरम्मत व स्थायी समाधान की मांग की। गोयल ने डीसी को बताया कि मंदिर के चारों ओर बने परिक्रमा मार्ग पर कई स्थानों पर कंक्रीट की ग्रिलें पूरी तरह टूट चुकी हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों श्रद्धालु, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं यहां सुबह व शाम दर्शन एवं परिक्रमा के लिए आते हैं। टूटी हुई ग्रिलों के कारण किसी भी समय कोई श्रद्धालु फिसल कर सीधे तालाब में गिर सकता है, जिससे बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। गोयल ने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व भी इसी तरह की स्थिति उत्पन्न हुई थी। उस समय विभागीय स्तर पर समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण उन्हें सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत दर्ज करानी पड़ी थी। जिसके बाद प्रशासन ने मरम्मत करवाई थी।



**जींद।** डीसी को दिए शिकायत पत्र को दिखाते राजकुमार गोयल। फोटो :हरिभूमि